लिखने वाले तू लिखदे किस्मत में तेरा प्यार

लिखने वाले तू लिखदे किस्मत में तेरा प्यार,
मुझको मिल जाये बाबा तेरा दीदार,
लिखने वाले तू लिखदे किस्मत में तेरा प्यार,

जिसके सिर पे हाथ तुम्हारा है,
रोशन उसका आज सितारा है,
किस्मत तेरे हाथ में मेरी है,
लिख डालो तकदीर क्या देरी है,
तेरी किरपा का बाबा मैं हु हक़ दार,
लिखने वाले तू लिखदे किस्मत में तेरा प्यार,

मुझको अपनी पतंग बना लो न जैसे चाहो डोरी हिला लो न,
थामे रखना ये उड़ जाएगी छोड़ न देना ये कट जाएगी,
मैंने सौंपी तुझको डोरी सरकार,
लिखने वाले तू लिखदे किस्मत में तेरा प्यार,

प्यार तेरा जो मुझको मिल जाये,
बाल कोई बांका न कर पाए,
हर्ष कहे उपकार मुझे देदो बेटे को अब प्यार जरा देदो,
मुझको है खाटू वाले तेरी दरकार,
लिखने वाले तू लिखदे किस्मत में तेरा प्यार,

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/5074/title/likhane-vale-tu-likhde-kismat-me-tera-pyaar-mujhko-mil-jaye-baba-tera-dedaar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |